राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

संख्या–62/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने नालंदा खुला विश्वविद्यालय की गतिविधियों की समीक्षा की

पटना, 21 अप्रैल, 2026 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन में नालंदा खुला विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार सामूहिक दायित्व है और इसके लिए सभी संबंधित पक्षों को समन्वित प्रयास करने होंगे। उन्होंने अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन चुनौतियों की पहचान कर उनके प्रभावी समाधान हेतु ठोस कार्य योजना बनाने को कहा।

बैठक में कुलपति प्रो० रवीन्द्र कुमार ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि नालंदा खुला विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य प्रौढ़ एवं महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों तक शिक्षा का प्रसार करना है। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विश्वविद्यालय के मिशन व विजन, प्रशासनिक संरचना, विद्यार्थियों की संख्या व संचालित पाठ्यक्रमों, अकादमिक व्यवस्था, वर्तमान चुनौतियाँ तथा भावी कार्य योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर नालंदा खुला विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारीगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....